आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 23.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पूरा देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एकजुटं
- प्रदेश में आज मेगा पीटीएम आयोजित की गई–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने युवाओं को आगे बढ़ाने को सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता बतायां
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट मतदाता सूची को लोकतंत्र की नींव कहां
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के कई इलाको में मावठ–राजधानी जयपुर समेत कई ज़िलों में एक सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पूरा देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में एकजुट होकर काम कर रहा हैं श्री मोदी आज तिरूवंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ के मौके पर बोले रहे थें उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में शहरों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से शहरी अवसंरचना पर अधिक निवेश कर रही हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी पटरी वालों सहित आम लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए शुरू की गई थीं

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि युवा ही देश और प्रदेश का भविष्य है, इसलिए राज्य सरकार उन्हें दिशा देने, सबल और सक्षम बनाने के विशेष प्रयास कर रही हैं श्री शर्मा आज प्रदेश में आयोजित हुई मेगा अभिभावक–शिक्षक बैठक और युवा संवाद के जयपुर में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थें मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को सरकारी और नीजि क्षेत्र में रोजगार के लिए तो प्रयास कर ही रही हैं साथ ही उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी कई योजनाएं लायी हैं, ताकि वे रोजगार देने वाले बनें उन्होंने कहा कि युवाओं में बहुत क्षमता है, लेकिन उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग करने की जरूरत हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगातार सरकारी भर्तियां की जा रही हैं

.......................

श्री शर्मा कहा कि बालिकाओं को आगे बढाने के लिए भी लगातार प्रयास किये जा रहे हैं ताकि वे किसी पर निर्भर न रहे और वे आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश को आगे बढाने में सक्रिय योगदान दें श्री भजनलाल ने ओएमआर शीट में कथित धांधली का जिक्र करते हुए कहा कि जिसने भी गलत किया, उन्हें बख्सा नहीं जायेगा, चाहे वह कितना भी बडा हों

........................

श्री शर्मा ने इस दौरान युवाओं, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद भी किया ˙ साथ ही करीब 1 हजार करोड रूपये की विभिन्न योजनाओं की राशि का हस्तांतरण कियां

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कीं इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर एक वीडियों संदेश में कहा कि आज के दिन देशवासी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हैं

......................

प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में पराक्रम्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गयें भरतपुर में कई संगठनों की ओर से नेताजी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गयां

000

केंद्रीय संस्कृति ओर पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की सांस्कृतिक भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं श्री शेखावत आज डीडवाना में 162वें मर्यादा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया तनाव और सामाजिक मूल्यों के क्षरण से गुजर रही है, तब विश्व भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा हैं केंद्रीय मंत्री ने भारतीय संस्कृति की निष्काम सेवा परंपरा और मर्यादाओं पर जोर देते हुए कहा कि ऋषि–मुनियों के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज को संस्कारित किया जा सकता हैं उन्होंने युवाओं और साधकों से पर्यावरण संरक्षण तथा अपनी गौरवशाली सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान कियां

000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि कानून के अनुसार सभी पात्र मतदाताओं के नाम वाली स्पष्ट मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की नींव होती हैं आज नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन–आई.आई.सी.डी.ईम. के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कहीं उन्होंने बताया कि आई.आई.सी.डी.ईम. में तीन दिन की चर्चा में प्रमुख विचारों को पांच मुख्य बिंदुओं में प्रस्तुत किया गया हैं श्री कुमार ने कहा कि चुनाव प्रबंधन निकायों को सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने का प्रयास करना चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुगम और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सकें इस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के सौजन्य से हुए सत्र में "चुनाव, मीडिया और मतदाता जागरूकता" चर्चा हुई सत्र में क्रोएशिया, कज़ाख़स्तान और अमेरिका के निर्वाचन अधिकारियों सहित भारत निर्वाचन आयोग के महानिदेशक आशीष गोयल ने हिस्सा लियां श्री महाजन ने राजस्थान के नवाचारों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा कियां

000

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज पुलिस मुख्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गएं जयपुर में महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने तथा निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई वहीं, अजमेर स्थित राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लियां इस सिलसिले में आज राज्य निर्वाचन विभाग की ओर स जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में राज्य स्तरीय चित्रकला कार्यशाला आयोजित की गई

000

बांसवाड़ा के कागदी पिकअप में आगामी पंचायत ओर निकाय चुनावों के मद्देनजर आज आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए मॉकड्रिल की गई नाव के माध्यम से मतदान के दौरान संभावित दुर्घटना से निपटने के लिए पुलिस, सिविल डिफेंस और स्वास्थ्य विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास कियां अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश द्विवेदी ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी आपात स्थिति में बेहतर समन्वय के लिए यह मुस्तैदी परखी गई हैं

......................

000

संसदीय कार्य और विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि सशक्त नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से देश की तकदीर बदली जा सकती हैं श्री पटेल आज जोधपुर में विकसित भारत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे थें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप युवाशक्ति ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करेगीं विधि मंत्री ने युवाओं से राष्ट्रभक्ति का मार्ग अपनाने और आधुनिक तकनीक के माध्यम से देश का मान बढ़ाने का आह्वान कियां

इस अवसर पर उन्होंने नव–मतदाताओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने की शपथ भी दिलाई

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर से मावठ हुई हैं राजधानी जयपुर में अलसुबह से ही रूक–रूक कर बरसात हुई डीग में सुबह से ही गरज के साथ बरसात हो रही हैं हनुमानगढ़ में रात को तेज बरसात के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर, जयपुर, सीकर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और बीकानेर ज़िले में एक सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई हैं विभाग ने आज जयपुर, दौसा, अलवर और टोंक जिले तथा आसपास के क्षेत्रों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं इन स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात

हो सकती है तथा कहीं–कहीं ओले भी गिर सकते हैं इसके अलावा 13 जिलों में हल्की बरसात के आसार हैं

000

प्रदेशभर में आज सरस्वती पूजन का पर्व बसंत पंचमी धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गयां भरतपुर के बांके बिहारी मंदिर में ठाकुरजी को पीत पोशाक धारण कराई गई और होलिका दहन का डांडा रोपा गयां डूंगरपुर के साबला स्थित हरिमंदिर में महंत अच्युतानंद महाराज ने सप्तरंगी ध्वजा फहराकर सामाजिक समरसता का संदेश दियां उधर करौली के कैमरी धाम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम की उपस्थिति में भगवान जगदीश का वार्षिक मेला भरां ओर ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

...........................

000